बेस–लाईन (Base-Line) 2021-2022

कक्षा	विषय–हिंदी
नाम –..	कुल अंक :– 50
स्कूल का नाम –...	प्राप्त अंक :–
लिंग – लड़का ☐ लड़की ☐	समय :– 75 मिनट
	दिनांक :–

विद्यार्थियों के लिए ध्यान देने योग्य बातें :–

1. कृपया प्रश्न–पत्र में दिए गए सभी निर्देशों को ध्यान से पढ़े।
2. यह परीक्षा नहीं है। विद्यार्थी इस प्रश्न पत्र को सहजता से हल करें।
3. प्रश्न–पत्र को हल करने की समयावधि 75 मिनट है।
4. कुछ प्रश्नों के लिए चार विकल्प दिए गए हैं,उनमें केवल एक विकल्प ही सही है,उस पर (√) सही का निशान लगाएँ ।

प्रश्न 1. चित्र देखकर वाक्य पूरा करें – 1 अंक

बच्चे ....रहे हैं ।

दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर लिखें ।

प्रश्न 2. सबसे घना पेड़ .... का होता है । (केला, आम, नारियल) 1 अंक

प्रश्न 3. नीचे लिखे वाक्यों के लिए जो मुहावरा उचित हो, उस पर सही(√) का निशान लगाएँ । 2 अंक

1. सचिन ने छक्का जमाया तो दर्शकों का दिल (बाग बाग हो गया / बगीचा बगीचा हो गया)
2. प्रथम आने की खबर सुनकर शीला (फूली न समाई /नौ दो ग्यारह हो गई)

प्रश्न 4. मैंने अपना काम समय पर .... कर दिया (समापत, समाप्त, समाप्ति, समाप्ती) 1 अंक

प्रश्न 5. तुम विद्यालय की .... जाओ । (और / ओर) 1 अंक

प्रश्न 6. सरोवर में तैरते ....को देखकर बच्चा ....पड़ा । (हँस / हंस) 2 अंक

प्रश्न 7. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का लिंग परिवर्तन कर पुन: लिखें–

फिल्म में <u>अभिनेता</u> ने अच्छा काम किया । .... । 2 अंक

प्रश्न 8. **<u>है या हैं</u>** लिखकर वाक्य पूरे करें । 2 अंक

1. बकरी चरते–चरते बहुत दूर चली गई .... ।
2. मेरी सभी पुस्तकें नई .... ।

प्रश्न 9. रेखांकित शब्द की जगह एक जैसे अर्थ वाला शब्द लिखकर वाक्य पूरा करें। 2 अंक
कल मेरे <u>मित्र</u> ने मेरी सहायता की । .... ।

प्रश्न 10. सम्राट अपने उत्तराधिकारी को चुनना चाहते थे । इसका अर्थ है कि राजा एक ऐसा व्यक्ति ढूंढना चाहते थे जो.. । 2 अंक

(क) हमेशा अपनी माँ का कहना मानता हो । (ख) उनका स्थान ले सके ।
(ग) कभी असफल न हुआ हो । (घ) तंदरुस्त हो ।

प्रश्न 11. वाक्य पूरा करें। 2 अंक

आज विद्यालय में .... ।

प्रश्न 12. वह वाक्य चुनें जिसका अर्थ दिए गए वाक्य के समान है – 2 अंक
मैंने पहले कभी यह फिल्म नहीं देखी थी।

(क) आज मैंने यह फिल्म पहली बार देखी। (ख) मैंने यह फिल्म कुछ समय पहले देखी।
(ग) मैंने यह फिल्म इससे पहले केवल एक बार देखी। (घ) यहाँ आने से पहले मैंने यह फिल्म देखी।

प्रश्न 13. दिए गए शब्दों को सही क्रम में लगाकर सार्थक वाक्य बनाएँ । 2 अंक

मेले है मुझे में घूमना लगता अच्छा । ....

<u>दिए गए विकल्पों में से उचित विराम चिह्न चुनकर लिखें ।</u>

प्रश्न 14. मुझे बहुत कुछ करना है क्या तुम मेरी मदद करोगे **(? । , ! –)** 1 अंक

....

प्रश्न 15. कक्षा में आए नए विद्यार्थी और रोहना के बीच संवाद को पूरा करें– 2 अंक

रोहना – तुम्हारा नाम क्या है ?

नया विद्यार्थी – ....

रोहना – मैं रोहना हूँ , तुम कहाँ से आए हो ?

नया विद्यार्थी – ....

प्रश्न 16. नीचे दिए गए वाक्य को प्रश्न के रूप में पुनः लिखें। 2 अंक

बारिश के कारण चारों ओर कीचड़ फैला हुआ था।

....

दी गई जानकारी को ध्यान से पढ़कर प्रश्न 17 से 19 का उत्तर दें –

पुस्तकालय का अर्थ है पुस्तकें रखने का कक्ष । हर स्कूल और कॉलेज में पुस्तकालय होता है । पुस्तकालय में न केवल पुस्तकें होती हैं, बल्कि अखबार, पत्र–पत्रिकाएँ, चार्ट आदि भी होते हैं। लोग पुस्तकालय में बैठकर मनपसंद किताबें,अखबार, और पत्र पत्रिकाएँ पढ़ते हैं।

हमारे स्कूल में एक बड़ा पुस्तकालय है, उसमें हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत आदि की पुस्तकें हैं। बीच में बड़ी मेज़ है। हम वहीं बैठकर किताबें और पत्र पत्रिकाएँ पढ़ते हैं। बुधवार को हमारी पुस्तकालय की कक्षा होती है। हमें तस्वीरों वाली कहानी की किताबें पढ़ने में बहुत अच्छी लगती हैं।

प्रश्न 17. पुस्तकालय में क्या–क्या चीजें होती हैं ? ....2 अंक

प्रश्न 18. पुस्तकालय की कक्षा कब होती है ? ....2 अंक

प्रश्न 19. बच्चों को कैसी पुस्तकें पढ़ने में मज़ा आता है ? 2 अंक

....

प्रश्न 20. घर में जो काम आप अक्सर करते हैं , उसके बारे में दो वाक्य लिखें – 4 अंक

1. ....
2. ....

चित्र को देखकर प्रश्नों के उत्तर लिखें।



प्रश्न 21. चित्र में आप क्या–क्या देख रहे हैं ? 2 अंक

....

....

प्रश्न 22. चित्र में दिखाई देने वाले जानवरों में से किन्ही दो जानवरों के नाम लिखें – 2 अंक

....

प्रश्न 23. यदि आपको इस जगह जाने का मौका मिले तो आप क्या करेंगे ? 2 अंक

....

....

प्रश्न 24. नीचे दिए गए पत्र को पूरा करें – 6 अंक

चार दिन के अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र

पत्र भेजने वाले का पता

....क्षेत्र

....शहर

....तिथि

सेवा में,

....

....विद्यालय

....क्षेत्र

.... शहर

विषय :– ....

महोदय

....

....

सधन्यवाद

....

दिए गए विकल्प में से उचित विकल्प पर सही(√) का निशान लगाएँ ।

प्रश्न 25. इस पत्र को लिखने का मुख्य कारण क्या है ?

(सूचना देना, शिकायत करना, अवकाश लेना) 1 अंक